RAJASTHAN HIGH COURT

सत्यमेव जयते

# HIGH COURT OF JUDICATURE FOR RAJASTHAN
# BENCH AT JAIPUR

S.B. Criminal Miscellaneous 3rd Bail Application No. 9654/2026
CNR: RJHC020564082026 | URN: CRLMB / 17894U / 2026

Vivek Kumar @vineet Joshi @ Rahul Raj @ Rahul Gupta

----Petitioner

Versus

The State Of Rajasthan

----Respondent

---

| | | |
|---|---|---|
| For Petitioner(s) | : | Mr. Tarun Jain, Adv. |
| For Respondent(s) | : | Ms. Manju Dave, PP |

---

**HON'BLE MR. JUSTICE UMA SHANKER VYAS**

**Order**

**18/08/2026**

परिवादी दीपक कुमार के बयान लेखबद्ध होने के उपरांत नवीन आवेदन पेश करने की स्वतंत्रता के साथ पूर्ववर्ती जमानत आवेदन निस्तारित किया गया था।

विद्वान अधिवक्ता प्रार्थी–अभियुक्त द्वारा निवेदन किया गया कि अभी तक दीपक कुमार के बयान लेखबद्ध नहीं हुए हैं, इस पर विचारण न्यायालय से तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त की गई, जिसके अनुसार उपरोक्त गवाह के बयान लेखबद्ध करने हेतु दिनांक 24.08.2026 तारीख पेशी नियत है।

पुलिस अधीक्षक, अलवर को निर्देश दिया जाता है कि उप पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी को गवाह दीपक कुमार के बयान लेखबद्ध कराने हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किया जावे, जिनके द्वारा न्यायालय से अतिरिक्त प्रोसेस प्राप्त किये जायेंगे तथा तामील करवाकर गवाह की उपस्थिति सुनिश्चित की जायेगी।

कार्यालय को निर्देश दिया जाता है कि पुलिस अधीक्षक, अलवर तथा विचारण न्यायालय को इस आदेशिका की प्रति अविलम्ब प्रेषित की जावे।

प्रकरण दिनांक 02.09.2026 को सूचीबद्ध किया जावे।

(UMA SHANKER VYAS),J

02/DINESH KUMAWAT